पर्यावरण संरक्षण के लिये 01 जून को छत्तीसगढ़ में पाँच लाख लोग लेंगे शपथ

चर्चा में क्यों?

25 मई, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश में 01 जून को पाँच लाख लोग पर्यावरण संरक्षण के लिये शपथ लेंगे।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि प्रदेश में मिशन लाईफ कार्यक्रम के अंतर्गत लाईफ स्टाईल फॉर इन्वायरमेंट कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की शृंखला में 01 जून को पर्यावरण संरक्षण के लिये शपथ का कार्यक्रम रखा गया है।
- लाईफ प्लेज के अंतर्गत पूरे राज्य में एक साथ पाँच लाख लोगों द्वारा प्लेज लिये जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे कि व्यापक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता लाई जा सके।
- एक ही दिन में पाँच लाख लोग शपथ लेकर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता दर्शाएंगे। शपथ हिन्दी या अंग्रेजी में समूह या व्यक्तिगत रूप से लेकर उसका वीडियो व फोटो वॉट्सएप नंबर +91-7415781776, +91-9109028361, +91-7415796619 पर 01 जून को प्रात: 8 बजे से शाम 4 बजे तक भेजी जा सकेगी।
- पूरे प्रदेश में यदि पाँच लाख लोग एक साथ शपथ लेंगे और रायपुर ज़िले में शपथ की संख्या डेढ़ लाख से पार हो गई, तो यह एक विश्व रिकॉर्ड होगा।
- छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने प्रदेश के सभी लोगों से यह आग्रह किया है कि वे 01 जून 2023 को पर्यावरण संरक्षण के लिये शपथ लेकर इस महाअभियान में भागीदार बनें।
- शपथ इस प्रकार है- मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि पर्यावरण को बचाने के लिये अपने दैनिक जीवन में हर-संभव बदलाव लाऊंगा। मैं यह भी वचन देता हूँ कि अपने परिवार, मित्रों व अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के महत्त्व के विषय में सतत् रूप से प्रेरित करूंगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/5-lakh-people-will-take-oath-in-chhattisgarh-on-1-june-for-environmental-protection